# विश्व शेर दिवस 2025

## चर्चा में क्यों?

**10 अगस्त 2025 को** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEF&CC) ने **गुजरात वन एवं पर्यावरण विभाग** के सहयोग से गुजरात के **द्वारका ज़िले** स्थित **बरदा वन्यजीव अभयारण्य** में विश्व शेर दिवस का आयोजन किया।

- यह कार्यक्रम एशियाई सिंह (Panthera leo persica) के संरक्षण हेतु चलाये जा रहे प्रोजेक्ट लायन के अंतर्गत प्राप्त उपलब्धियों के उत्सव के रूप में आयोजित किया गया।

## मुख्य बिंदु

- **शेर गणना**
  - मई 2025 के **शेर** गणना अनुमान (16वीं जनगणना) के अनुसार गुजरात में शेरों की संख्या वर्ष 2020 से 32% बढ़ी है, जो 674 से बढ़कर 891 हो गई है।
  - **बरदा वन्यजीव अभयारण्य** जो बड़े गिर शेर परिदृश्य का हिस्सा है, 17 **एशियाई शेरों** का आवास है।
- **प्रोजेक्ट लायन के बारे में**
  - यह गुजरात के **गिर परिदृश्य** में **एशियाई शेरों** के भविष्य को सुरक्षित करने के लिये वर्ष 2020 में लॉन्च किया गया।
  - **लक्षित क्षेत्र**: आवास सुधार, पारिस्थितिकी तंत्र स्वास्थ्य और मानव-वन्यजीव संघर्ष शमन।
- **प्रयुक्त प्रौद्योगिकियाँ**:
  - **रेडियो कॉलर** और **कैमरा ट्रैप**: शेर की गतिविधियों पर नज़र रखने के लिये।
  - **GPS ट्रैकिंग**: शेरों और वाहनों की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने हेतु।
  - **स्वचालित सेंसर ग्रिड**: इसमें वन्यजीव ट्रैकिंग के लिये चुंबकीय, गति और अवरक्त ताप सेंसर शामिल हैं।
  - **GIS-आधारित वास्तविक समय निगरानी:** समयबद्ध विश्लेषण और संरक्षण प्रबंधन को सक्षम बनाने हेतु।

## शेरों के बारे में मुख्य तथ्य

- **शेर** को दो उप-प्रजातियों में विभाजित किया गया है: **अफ्रीकी शेर** (*Panthera leo leo*) और **एशियाई शेर** (*Panthera leo persica*)।
- **एशियाई शेर** अफ्रीकी शेरों से थोड़े छोटे होते हैं।
- **विशेषताएँ**:
  - शेर अपनी विशिष्ट विशेषताओं के लिये जाने जाते हैं, जिसमें नर शेरों में गहरे भूरे रंग का **फर**, गुच्छेदार **पूँछ** और **अयाल** शामिल हैं।
  - ये सामाजिक प्राणी हैं और **प्राइड** नामक समूहों में रहते हैं। एक प्राइड में सामान्यतः कई मादाएँ, उनके शावक तथा कुछ वयस्क नर शामिल होते हैं।
- **वितरण और आवास**:
  - शेर उप-सहारा अफ्रीका में पाये जाते हैं, जबकि एक छोटी आबादी भारत के गिर राष्ट्रीय उद्यान में पाई जाती है।
- **संरक्षण स्थिति**:
  - **IUCN रेड लिस्ट:**
    - अफ्रीकी सिंह — **सुभेद्य** (वैश्विक स्तर पर)
    - एशियाई सिंह — **सुभेद्य**
  - **IUCN ग्रीन स्टेटस ऑफ स्पीशीज़ असेसमेंट:** शेर: **लार्जली डिप्लीटेड** श्रेणी
  - **CITES**: भारत की आबादी- परिशिष्ट-I; अन्य सभी आबादियाँ- परिशिष्ट-II
  - **वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972**: अनुसूची-I और IV
- **भारत में संरक्षण प्रयास:**
  - प्रोजेक्ट लायन
  - एशियाई सिंह संरक्षण परियोजना

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/world-lion-day-2025